MPPSC 2016

1.प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का/के उद्देश्य है/हैं

A. गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ना

B. पक्की सड़क बनाना

C. दोनों (a) और (b)

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

Answer ||| C

Solution ||| दिसम्बर 2000 से क्रियान्वित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उद्देश्य देश के सभी गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ना एवं पक्की सड़क का निर्माण करना है।

2.मध्य प्रदेश में खनिज नीति किस वर्ष घोषित हुई थी

A. 1995
B. 1999
C. 2002
D. 2004

Answer ||| A

Solution ||| मध्य प्रदेश में खनिज नीति वर्ष 1995 में घोषित हुई थी।

3.मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था है

A. कृषि प्रधान

B. पूंजी प्रधान

C. उद्योग प्रधान

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

Answer ||| A

Solution ||| मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान है। म.प्र. की जनसंख्या का 42.9 प्रतिशत भाग कृषि से पर आधारित है।

4.2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश में सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला है

A. जबलपुर
B. सागर
C. इन्दौर
D. भोपाल

Answer ||| C

Solution ||| वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश में सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला इन्दौर है

5.2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश की जनसंख्या है

A. 7.2 करोड़
B. 6.2 करोड़
C. 6.5 करोड़
D. 7.5 करोड़

Answer ||| A

Solution ||| वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश राज्य की जनसंख्या 7,26,26,809 है। म.प्र. का जनसंख्या के मामले में देश में छठा स्थान है।

6.गोल्ड एक्सपोर्ट प्रमोशन पार्क कहाँ स्थित है?

A. इन्दौर
B. पीथमपुर
C. बीना


https://www.evidyarthi.in

D. मण्डीदीप

Answer ||| A

Solution ||| गोल्ड एक्सपोर्ट प्रमोशन पार्क इन्दौर में स्थित है

7.महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम कब पारित हुआ था?

A. 2004
B. 2005
C. 2007
D. 2010

Answer ||| B

Solution ||| महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम वर्ष 2005 में पारित हुआ था एवं इसकें अंतर्गत नरेगा योजना की शुरुआत 2 अक्टूबर 2005 से हुई थी एवं 2 अक्टूबर 2009 ये इसका नाम ‘मनरेगा’ किया गया।

8.मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम की स्थापना हुई थी?

A. 1958 में

B. 1961 मे

C. 1963 में

D. 1970 में

Answer ||| B

Solution ||| मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम की स्थापना 28 दिसम्बर 1961 को हुई थी

9.किस संस्था को ‘पिजरे में बंद तोता' कहा गया है?

A. केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सी.वी.सी)
B. प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पी.टी.आई.)
C. केन्द्रीय जाँच आयोग (सी.बी.आई.)
D. सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.)

Answer ||| C

Solution ||| केन्द्रीय जाँच आयोग (सी.बी.आई.) नामक संस्था को गुवाहाटी उच्च न्यायालय द्वारा ”पिजरं में बंद तोता“ कहा जाता है।

10.भारत में किस राष्ट्रीय नेता की स्मृति में उनके जन्मदिन पर ‘राष्ट्रीय एकता दिवस' मानाया जाता है?

A. डॉ. राम मनोहर लोहिया
B. डॉ. बी. आर. अम्बेटकर
C. सरदार बल्लभ भाई पटेल
D. डॉ. रजेन्द्र प्रसाद

Answer ||| C

Solution ||| भारत में राष्ट्रीय नेता सरदार बल्लभ भाई पटेल की स्मृति में उनके जन्म दिवस (31 अक्टूबर) पर ”राष्ट्रीय एकता दिवस“ मानाया जाता है।

11.2017 का शूटिगं विश्व कप कहाँ हुआ था?

A. जापान में
B. चीन मे
C. भारत में
D. श्रीलंका में

Answer ||| C

Solution ||| वर्ष 2017 का शूटिंग विश्व कप टूर्नामेन्ट भारत में आयोजित हुआ था।



https://www.evidyarthi.in

12.इनमे से किन्हें नवम्बर 2015 में अन्तर्राष्टीय मुद्रा कोष में कार्यकारी निर्देशक नियुक्त किया गया था?

A. सुबीर गोकरण
B. जयंत सिन्हा
C. रघुराम राजन
D. वाई. वी. रेड्डी

Answer ||| A

Solution ||| नवम्बर 2015 में अन्तर्राष्टीय मुद्रा कोष (आई.एम. एफ) के कार्यकारी निर्देशक सुबीर गोकरण को नियुक्त किया गया है।

13.निम्नलिखित में से कौन- सा BRICS देशों में से एक नही है?

A. ब्राजील
B. रुस
C. दक्षिण अफ्रीका
D. कनाडा

Answer ||| D

Solution ||| BRICS संगठन में शामिल देश है ब्राजील, रुस, भारत, चीन, साऊथ अफ्रीका जबकि कनाडा देश इस संगठन में शामिल नही है।

14.निम्नलिखित में से कौन सी एक भारतीय नौसेना की पनडुब्बी है?

A. आई. एन. एस.विराट
B. आई. एन. एस. सिन्धुरक्षक
C. आई. एन. एस. राजालि
D. आइ. एन. एस. विक्रान्त

Answer ||| B

Solution ||| आई. एन. एस. सिन्धुरक्षक वर्तमान में भारतीय नौसेना की पनडुब्बी है।

15.द किलर इंस्टिंक्ट का लेखक है?

A. सुलक्षण मोहन
B. एम. के. संतानम
C. ओ.पी.सभरवाल
D. सुभाष जैन

Answer ||| C

Solution ||| ”द किलर इंस्टिंक्ट“ के लेखक ओ.पी. सभरवाल है

16.निम्नलिखित में से कौन-सा एक देश G-8 का सदस्य नहीं है

A. रूस
B. ब्रिटेन
C. स्पेन
D. कनाडा

Answer ||| C

Solution ||| विकसित देषो को संगठन G-8 का सदस्य उपरोक्त विल्कपो में से स्पेन देश नही है

17.नवंबर 2015 में G-20 शिखर सम्मेलन कहां हुआ था

A. पेरिस, फ्रांस
B. अंटाल्या, तुर्की
C. विएना, ऑस्ट्रिया



https://www.evidyarthi.in

D. लंदन, इंग्लैंड

Answer ||| B

Solution ||| नवम्बर 2015 में विकासशील देषों के संगठन G -20 का शिखर सम्मेलन तुर्की देश के अंटाल्या शहर में आयोजित हुआ था।

18.अपनी भारत यात्रा के दौरान फेसबुक का संस्थापक मार्क जुकरबर्ग निम्नलिखित में से क्या देखने गया था

A. लाल किला
B. गेटवे ऑफ इंडिया
C. ताजमहल
D. कुतुब मीनार

Answer ||| C

Solution ||| सोशल नेटवर्क फेसबुक का संस्थापक मार्क जुकर बर्ग अपनी भारत यात्रा के दौरान आगरा में स्थित ताजमहल को देखने गया था।

19.अक्टूबर 2015 में 'ई-सहयोग' योजना किस विभाग द्वारा प्रारम्भ की गई थी

A. बिक्री-कर
B. आयकर
C. आबकारी-कर
D. पथ-कर

Answer ||| B

Solution ||| अक्टूबर 2015 में 'ई-सहयोग' योजना आयकर विभाग द्वारा प्रारंभ की गई है।

20.निम्नलिखित में से किस राज्य में वर्ष 2011 की जनगणना में सबसे कम जनसंख्या घनत्व दर्ज किया गया

A. मिजोरम

B. अरुणाचल प्रदेश

C. सिक्मिम

D. नागालैंड

Answer ||| B

Solution ||| वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अरुणाचल प्रदेश राज्य में सबसे कम जनसंख्या घनत्व (17 व्यक्ति/वर्ग किमी.) दर्ज किया गया है।

21.भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया था

A. 1972
B. 1980
C. 1970
D. 1975

Answer ||| A

Solution ||| भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम वर्ष 1972 में लागू किया गया था।

22.निम्नलिखित में से कौन-सी संस्था पर्यावरण से संबंधित नहीं है

A. विज्ञान और पर्यावरण केन्द्र

B. भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संस्थान

C. भारतीय वन्यजीव संस्थान

D. भारतीय सर्वेक्षण विभाग

Answer ||| D



https://www.evidyarthi.in

Solution ||| भारतीय सर्वेक्षण विभाग,भारत की नक्शे बनाने और सर्वेक्षण करने वाली केन्द्रीय एजेंसी है|

23.चिपको आंदोलन के प्रणेता कौन है

A. मेधा पाटकर
B. एम.एस.स्वामीनाथन
C. सुंदरलाल बहुगुणा
D. चंडीप्रसाद भट्ट

Answer ||| C

Solution ||| चिपको आंदोलन के प्रणेता सुंदरलाल बहुगुणा हैं, जिन्होंने पेड़ों की अवैध कटाई के विरूद्ध पर्यावरण संरक्षण हेतु चिपको आंदोलन चलाया|

24.इनमें से किस पर्यावरणविद् को 'जल पुरुष' के नाम से जाना जाता है

A. सुंदरलाल बहुगुणा
B. राजेन्द्र सिंह
C. बी.वेंकटेश्वरलू
D. सलीम अली

Answer ||| B

Solution ||| पर्यावरणविद् राजेन्द्र सिंह को ”जल पुरुष“ के नाम से जाना जाता है|

25.ओजोन छिद्र का कारण है

A. ऐसिटिलीन
B. एथिलीन
C. क्लोरोफ्लुओरोकार्बन

D. मीथेन

Answer ||| C

Solution ||| ओजोन छिद्र का कारण क्लोरोफ्लुओरोकार्बन है। इसी के कारण ओजोन परत का क्षरण हो रहा है।

26.पश्चुरीकरण संबंधित है

A. दुग्ध के निर्जमीकरण से
B. दुग्ध के निर्जलीकरण से
C. दुग्ध के किण्वन से
D. दुग्ध के आसवन से

Answer ||| B

Solution ||| पश्चुरीकरण दुग्ध के निर्जलीकरण से संबंधित है इस विधि का आविष्कार वैज्ञानिक लुई पाश्चर ने किया था।

27.प्रथम पोषक स्तर के अन्तर्गत आते है

A. शाकाहारी जंतु
B. मांसाहारी जंतु
C. सर्वभक्षी जंतु
D. हरित पादप

Answer ||| D

Solution ||| हरित पादप प्रथम पोषक स्तर के अंतर्गत आते है।

28.स्टार्च है, एक



https://www.evidyarthi.in

A. मोनोसैकेराइड
B. डाइसैकेराइड
C. पॉलीसैकेराइड
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

Answer ||| C

Solution ||| स्टार्च एक पॉलीसैकेराइड नामक कार्बोहाइड्रेट्स का उदाहरण है जबकि ग्लूकोज मोनोसैकेराइड का उदाहरण है।

29.मध्य प्रदेश में पंचवर्षीय योजना का विधिवत् एवं वास्तविक शुभारंभ माना जाता है

A. तृतीय पंचवर्षीय योजना से
B. द्वितीय पंचवर्षीय योजना से
C. प्रथम पंचवर्षीय योजना से
D. 11 नंबर, 1956 से

Answer ||| D

Solution ||| formal and real beginning of Five year plans is said to have started in Madhya Pradesh from 11th November, 1956.

30.निम्नलिखित में से कौन-सी एक ऊर्जा का नवीनीकरणीय स्त्रोत है

A. जल
B. पारा
C. एल्कोहल
D. उपरोक्त सभी

Answer ||| D

Solution ||| सौर ऊर्जा ऊर्जा का नवीनीकरणीय स्त्रोत है जबकि कोयला नाभिकीय ऊर्जा एवं पेट्रोल ऊर्जा के अवीनीकरणीय स्त्रोत है।

31.निम्नलिखित में से कौन-सा एक जीवाश्म ईंधन नहीं है

A. कोयला

B. पेट्रोलियम

C. प्राकृतिक गैस

D. यूरोनियम

Answer ||| D

Solution ||| यूरेनियम जीवाश्म ईंधन नहीं है जबकि कोयला, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जीवाश्म ईंधन हैं।

32.साधारण बैरोमीटर में कौन-सा/ से द्रव प्रयोग होता है/होता है

A. जल

B. पारा

C. एल्कोहल

D. उपरोक्त सभी

Answer ||| B

Solution ||| साधारण बैरोमीटर में पारा (मर्करी) द्रव का प्रयोग होता है।

33.निम्नलिखित में से कौन-सी एक ऊष्मा का ईकाई नहीं है

A. कैलोरी

B. किलो कैलोरी

C. किलो जूल

D. वॉट

Answer ||| D



https://www.evidyarthi.in

Solution ||| वॉट ऊष्मा की ईकाई नहीं है जबकि कैलोरी, किलो कैलोरी एवं किलो जूल ऊष्मा की ईकाई है।

34.मायोपिया किस अंग का दोष है?

A. हद्य
B. कर्ण
C. नेत्र
D. वृक्क

Answer ||| C

Solution ||| मायोपिया (निकट दृष्टिदोष) नेत्र अंग का दोष है। इसमें दूर स्थित वस्तु साफ नहीं दिखाई देती जबकि निकट की वस्तु साफ दिखाई देती है | इसे दूर करने के लिए अवतल लैंस का प्रयोग किया जाता है।

35.सिरका का रासायनिक नाम है

A. एसिटिक अम्ल
B. व्यूटिरिक अम्ल
C. फॉरमिक अम्ल
D. टार्टेरिक अम्ल

Answer ||| A

Solution ||| सिरका का रासायनिक अल्म एसिटिक अम्ल है जबकि इमली और अंगूर में टार्टेरिक अम्ल पाया जाता है एवं चीटियों में फॉरमिक अम्ल पाया जाता है।

36.स्तनधारियों में श्वसन होता है

A. क्लोम द्वारा
B. स्वासनली द्वारा

C. त्वचा द्वारा
D. फुफ्फुस (फेफड़ों द्वारा)

Answer ||| D

Solution ||| स्तनधारियों ने श्वसन फुफ्फुस या फेफड़ों द्वारा होता है।

37.मानव शरीर में सबसे बड़ी ग्रंथि है

A. अग्नाशय
B. यकृत
C. लारगंथी
D. अधिवृक्कगंथी

Answer ||| B

Solution ||| मानव शरीर में सबसे बड़ी ग्रंथि यकृत है।

38.कौन सी गैस 'नोवल गैसे' कहलाती है

A. हाइड्रोजन
B. ऑक्सीजन
C. हीलियम
D. कार्बन हाईऑक्साइड

Answer ||| C

Solution ||| निष्क्रिय गैस हीलियम नोवल गैस कहलाती है। ये गैसें आसानी से किसी तत्व अभिक्रिया नहीं करती है|

39.आलू है, एक



https://www.evidyarthi.in

A. मूल
B. हल
C. कन्द
D. शल्ककन्द

Answer ||| C

Solution ||| आलू एक कन्द है इसलिए तो आलू को वानस्पतिक नाम सोलेनम ट्यूबरोसम है।

40.भारत की स्वर्णिम चतुर्भूज परियोजना जोड़ती है

A. दिल्ली-मुंबई-चेन्नई-कोलकाता को
B. दिल्ली-झांसी-बैंगलूरू-कन्याकुमारी को
C. श्रीनगर-दिल्ली-कानपूर-कोलकाता को
D. पोरबंदर-बैंगलूरू-कोलकाता-कानपूर को

Answer ||| A

Solution ||| भारत की स्वर्णिम चतुर्भूज परियोजना देश के प्रमुख चार महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता को जोड़ती है।

41.'साइलेंट वैली परियोजना' निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंध है

A. उत्तराखण्ड
B. हिमाचल प्रदेश
C. केरल
D. तमिलनाडू

Answer ||| C

Solution ||| साइलेंट वैली (शांत घाटी) परियोजना केरल राज्य से संबंधित है।

42.भारत में 'केन्द्रीय गंगा प्राधिकरण' की स्थापना कब हुई थी

A. 1998
B. 1972
C. 2001
D. 1985

Answer ||| D

Solution ||| भारत में "केन्द्रीय गंगा प्राधिकरण " की स्थापना 1985 में की गई थी जबकि राष्ट्रीय गंगा प्राधिकरण 2009 में स्थापित हुआ है।

43.मध्य प्रदेश की उत्खात भूमि (बैडलैडं) परिणाम है

A. अवनलिका अपरदन का

B. परत अपरदन का

C. अतिचारण का

D. वायू अपरदन का

Answer ||| A

Solution ||| मध्यप्रदेश की उत्खात भूमि (बैडलैंड) अवनलिका अपरदन का परिणाम है। यह सर्वाधिक समस्या भिण्ड-मुरैना जिले में चंबल नदी से है। जिसे 'चंबल के बीहड़' के नाम से जाना जाता है।

44.भूतापीय पूजा पर आधारित मणिकरण विद्युत यंत्र किस राज्य में स्थित है

A. अरूणाचंल प्रदेश

B. जम्मू और कश्मीर

C. हिमाचल प्रदेश

D. उत्तराखण्ड

Answer ||| C



https://www.evidyarthi.in

Solution ||| भूतापीय ऊर्जा पर आधारित मणिकरण विद्युत सयंत्र हिमाचल प्रदेश राज्य में स्थित है।

45.भारत में निम्नलिखित में से कहां सबसे बड़ा पोत-प्रागंण (शिपयार्ड) है

A. कोलाकाता
B. कोच्चि
C. मुम्बई
D. विशाखापट्टनम

Answer ||| B

Solution ||| भारत में कोच्चि बंदरगाह का सबसे बड़ा पोत-प्रागंण (शिपयार्ड) है जबकि भारत का सबसे बड़ा बंदरगाह मुंबई बंदरगाह है।

46.निम्नलिखित में से कौन-सा जलाशय चंबल नदी पर बना है

A. नागार्जुन सागर
B. राणाप्रताप सागर
C. विन्ध्य सागर
D. रिहन्द सागर

Answer ||| B

Solution ||| राणाप्रताप सागर जलाशय चंबल नदी पर राजस्थान के चित्तोडगढ़ जिले में बना है जबकि जवाहर सागर और गाँधी सागर चंबल नदी पर बने अन्य जलाशय है|

47."हुदहुद चक्रबात" से भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा तटीय क्षेत्र प्रभावित हुआ था

A. आंधप्रदेश तट
B. केरला तट
C. चेन्नई तट

D. बंगाल तट

Answer ||| A

Solution ||| “हुदहुद चक्रबात” से भारत का आंधप्रदेश तटीय क्षेत्र प्रभावित हुआ था।

48.भारत तथा पाकिस्तान के मध्य सीमा रेखा एक उदाहरण है

A. अध्यारोपित सीमा का
B. पूर्ववर्ती सीमा का
C. अवशिष्ट सीमा का
D. परिवर्तित सीमा का

Answer ||| A

Solution ||| भारत तथा पाकिस्तान के मध्य सीमा रेखा (रेडक्लिप सीमा रेखा ) एक अध्यारोपित सीमा का उदाहरण है।

49.निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारत में नीली क्रांति से संबंधित है

A. पुष्पकृषि
B. रेशम-उत्पादन
C. मत्स्य पालन
D. बागवानी

Answer ||| C

Solution |||

| क्षेत्र | संबंध |
|---|---|
| पुष्पकृषि उत्पादन | फ्लोरी कल्चर |
| रेशम उत्पादन | सेरीकल्चर |
| मत्स्य पालन | पीसी कल्चर (नीली क्रांति) |
| बागवानी | हॉर्टीकल्चर |



https://www.evidyarthi.in

50.भारत के किस द्वीप का उद्गम ज्वालामुखीय है

A. बैरन

B. कार निकोबार

C. लिटिल निकोबार

D. उत्तरीय अण्डमान

Answer ||| A

Solution ||| भारत के अण्डमान निकोबार द्वीप समूह के समीप स्थित बैरन द्वीप का उद्गम ज्वालामुखीय है।

51.भारत कें निम्नलिखित राज्यो को उनके भौगोलिक क्षेत्र के घटते क्रम में व्यावस्थित कीजिए:

(I) राजस्थान (II) तमिलनाडु

(III) महाराष्ट्र (IV) कर्नाटक

A. I, II, III, IV
B. III, I, IV, II
C. I, III, IV, II
D. III, IV, I, II

Answer ||| C

Solution ||| भारत के राज्यो का उनके भौगोलिक क्षेत्र कें घटतें क्रम में इस प्रकार बनाया जा सकता है। राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु

52.किन दो पर्वत श्रेणियो कें मध्य कश्मीर घाटी स्थित है?

A. लद्दाख व जंस्कर

B. वृहद हिमालय व पीर पंजाल

C. वृहद हिमालय व जंस्कर

D. काराकोरम व लद्दाख

Answer ||| B

Solution ||| वृहद हिमालय एवं पीर पंजाल पर्वत श्रेणियों कें मध्य कश्मीर घाटी स्थित है

53.निम्नलिखित में से दक्षिण भारत की सबसे ऊँची चोटी कौन-सी है?

A. अनाइमुडी
B. दोदाबेटा
C. गुरुशिखर
D. महेन्द्रगिरि

Answer ||| A

Solution ||| अनाइमुडी (ऊँचाई 2969 मी.) दक्षिण भारत की सबसे ऊँची चोटी है जबकि दादाबेटा नीलगिरि पर्वत श्रेणी की सबसे ऊँची चोटी है। एवं गुरुशिखर अरावली पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊँची चोटी है।

54.निम्नलिखित में से किस देश की भारत के साथ सबसे लम्बी स्थलीय सीमा है?

A. चीन
B. नेपाल
C. पकिस्तान
D. बांग्लादेश

Answer ||| D

Solution |||

| देश | स्थलीय सीमा (किमी) |
|---|---|
| बांग्लादेश | 4096.7 |
| चीन | 3488 |
| पकिस्तान | 3323 |
| नेपाल | 1751 |



https://www.evidyarthi.in

55.मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की किस धारा में 'लोक सेवक' की परिभाषा दी जाती है?

A. धारा 2
B. धारा 3
C. धारा 2 (H)
D. धारा 2 (M)

Answer ||| D

Solution ||| "लोक सेवक" की परिभाषा मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 की धारा 2 (ड) में दी गई है।

56.इनमें से कौन 'नीति आयोग से संबंधित है?

A. नरेन्द्र मोदी
B. कौशिक बसु
C. अमत्र्य सेन
D. पी. चिदम्बरम

Answer ||| A

Solution ||| नीति आयोग का गठन 1 जनवरी 2015 का हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसके अध्यक्ष एवं राजिव कुमार इसके उपाध्यक्ष है।

57.भूमि अधिग्रहण अधिनियम,1894 के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

A. इसको ब्रिटिश शासकों ने बनाया था
B. इसका उद्देष्य भारत में भूमि सुधार प्रक्रिया को बढ़ावा देना था
C. यह भारत की संसद के एक अन्य अधिनियम द्वारा प्रतिस्थापित किया जा चुका है

D. इसका क्रियान्वयन विवादित हो गया था

Answer ||| B

Solution ||| भूमि अधिग्रहण अधिनियम,1894 को ब्रिटिश शासन ने बनाया था, इसका क्रियान्वयन विवादित हो गया था, यह भारत की संसद के एक अन्य अधिनियम द्वारा प्रतिस्थापित किया गया जा चुका है| किन्तु इसका उद्देष्य भारत में भूमि सुधार प्रक्रिया को बढ़ावा देना नही था

58.वैवेल योजना किस वर्ष प्रस्तुत की गई थी?

A. 1942
B. 1943
C. 1944
D. 1945

Answer ||| D

Solution ||| वैवेल योजना 4 जून 1945 में प्रस्तुत की गई थी, जिसके तहत् 25 जून 1945 को शिमला में सर्वदलीय सम्मेलन बुलाया गया था।

59.चटगाँव आर्मरी रेड से इनमें से कौन संबंधित था?

A. सूर्य सेन

B. भगत सिंह

C. रामप्रसाद बिस्मिल

D. अशफाक उल्लाह

Answer ||| A

Solution ||| चटगाँव आर्मरी रेड (शस्त्रगार षड्यंत्र काण्ड) मास्टर सूर्य सेन से संबंधित है। चटगाँव आर्मरी काण्ड 18 अप्रैल 1930 को हुआ था।



https://www.evidyarthi.in

60.फुटबॉल को ओलिंपिक खेलो में कब शामिल किया गया?

A. 1900, पेरिस
B. 1908, लंदन
C. 1896, एथेंस
D. 1920, एंटवर्प

Answer ||| A

Solution ||| फुटबॉल को ओलिंपिक खेलो में वर्ष 1900 पेरिस ओलिंपिक में शामिल किया गया है।

61.'क्रिकेट का मक्का' किस मैदान को कहा जाता है?

A. लॉर्ड्स
B. ईडन गार्डन्स
C. मेलबर्न क्रिकेट मैदान
D. ग्रीन पार्क

Answer ||| A

Solution ||| लंदन स्थित लॉर्ड्स स्टेडियम को क्रिकेट का मक्का कहा जाता है। जबकि ईडन गार्डन्स (कोलकाता) एवं ग्रीनपार्क (कानपुर) स्टेडियम भारत में स्थित है।

62.निकोलो कोन्टी कौन था?

A. एक प्रसिद्ध चित्रकार
B. इटली का एक यात्री, जिसने विजयनगर साम्राज्य की यात्रा की
C. एक पुर्तगाली यात्री
D. एक ईरानी यात्री

Answer ||| B

Solution ||| निकोलो कोन्टी इटली का एक यात्री था जिसने देवराय प्रथम के शासन काल में बर्ष 1420 में विजयनगर साम्राज्य की यात्रा की थी।

63.भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ है?

A. राजस्थान

B. आन्ध्रप्रदेश

C. मध्य प्रदेश

D. कर्नाटक

Answer ||| B

Solution ||| भाषा के आधार पर सर्वप्रथम गठित राज्य आन्ध्रप्रदेश है, इसका गठन बर्ष 1953 में हुआ है।

64.वैज्ञानिक समाजवाद का श्रेय जाता है।

A. कार्ल मार्क्स को

B. एडम स्मिथ को

C. जे. एम. कीन्स का

D. थॉमस मन को

Answer ||| A

Solution ||| वैज्ञानिक समाजवाद का श्रेय कार्ल मार्क्स को जाता है। जबकि एडम स्मिथ का आधुनिक अर्थशास्त्र का जनक कहा जाता है।

65.बलवंत राज्य मेहता समिति ने किस प्रकार की पंचायती राज्य व्यावस्था की अनुशंसा की थी?

A. द्विस्तरीय

B. त्रिस्तरीय



https://www.evidyarthi.in

C. ग्रामस्तरीय
D. उपयुक्त में से कोई नही

Answer ||| B

Solution ||| बलवंत राज्य मेहता समिति ने त्रिस्तरीय पंचायती राज्य व्यवस्था की अनुशंसा बर्ष 1957 में की थी।

66.भारतीय संविधान का संरक्षक किसे कहा गया है ?

A. संसद
B. राष्ट्रपति
C. सर्वोच्च न्यायालय
D. उपयुक्त में से कोई नही

Answer ||| C

Solution ||| भारतीय संविधान का संरक्षक सर्वोच्च न्यायालय को कहा जाता है।

67.”हम, भारत के लोग“ शब्दो का प्रयोग भारतीय संविधान में कहाँ किया गया?

A. नीति-निर्देशक सिद्धांत
B. मौलिक अधिकार
C. नागरिकता
D. संविधान की प्रस्तावना

Answer ||| D

Solution ||| “हम, भारत के लोग” शब्दो का प्रयोग भारतीय संविधान की प्रस्तावना के प्रारंभ में किया गया है।

68.शिवाजी के गुरु का नाम क्या था?

A. रामदास
B. तुकाराम
C. वामन पंडित
D. गाग भट्ट

Answer ||| A

Solution ||| शिवाजी के गुरु का नाम समर्थ रामदास था| जबकि शिवाजी की माता का नाम जीजा बाई तथा पिता का नाम शाहजी भोंसले था।

69.शेरशाह का मकबरा कहाँ है?

A. सासाराम
B. दिल्ली
C. कालिजर
D. सोनरगांव

Answer ||| A

Solution ||| शेरशाह का मकबरा सासाराम (बिहार) में है। शेरशाह सुरी की मृत्यु सन 1545 में कालिंजर आक्रमण के दौरान हुई थी।

70.भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक बैंक है?

A. नाबार्ड
B. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
C. आई.सी.आई.सी.आई.
D. यूलियन बैंक ऑफ इंडिया

Answer ||| B

Solution ||| भारत का सबसे बडा़ व्यापारिक बैंक (कमर्शयल बैंक) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया है। एस.बी.आई का राष्ट्रीकरण वर्ष 1955 में हुआ था।


https://www.evidyarthi.in

71.निम्नलिखित में से कौन-सा एक शेयर बाजार के संदर्भ में अप्रासंगिक है?

A. सेन्सेक्स
B. बी.एस. ई.
C. निफ्टी
D. सैप्स

Answer ||| D

Solution ||| सेन्सेक्स, 'बी.एस.ई.' और निफ्टी शेयर बाजार से संबंधित है। जबकि सैप्स शेयर बाजार से संबंधित नही है

72.प्रतिशत की दृष्टि से मध्य प्रदेश में सार्वाधिक अनुसूचित जनजाति वाला जिला कौन-सा है?

A. झाबुआ
B. बड़वानी
C. रतलाम
D. छिन्दवाड़ा

Answer ||| A

Solution ||| झाबुआ जिले की 86% से अधिक जनसंख्या आदिवासी है।

73.भारत भवन कहाँ है?

A. दिल्ली
B. इन्दौर
C. जबलपुर
D. भोपाल

Answer ||| D

Solution ||| भारत भवन भोपाल में स्थित है। सांस्कृतिक केन्द्र के रुप में भारत भवन की स्थापना फरवरी 1982 में हुई थी।

74.कौन - सी जनजाति 'लोहासुर' को अपना देवता मानती है?

A. गोंड

B. भील

C. कोरकू

D. अगरिया

Answer ||| D

Solution ||| अगरिया जनजाति 'लोहासुर' को अपना देवता मानती हैं, लोहासुर का निवास स्थान धधकती हुई भट्टी मे माना जाता है अगरिया जनजाति लोहे के औजार बनाकर अपना जीवकोपार्जन करती है।

75.कौन - सा पर्यटन स्थल 'मूर्तिकला का तीर्थ' कहलाता है?

A. उज्जैन

B. खजुराहो

C. ओरछा

D. माण्डू

Answer ||| B

Solution ||| मध्य प्रदेश के खजुराहो में निर्मित मंदिरों को "मूर्तिकला का तीर्थ" कहलाता है। इन मंदिरो का निर्माण 10 वीं शताब्दी में चंदेल शासकों ने करवाया था।

76.उदयगिरि की गुफाएँ मध्य प्रदेश के कौन - से जिले में है?

A. रायसेन

B. विदिशा



https://www.evidyarthi.in

C. धार

D. भोपाल

Answer ||| B

Solution |||

| गुफाएँ | जिला |
|---|---|
| उदयगिरि की गुफाएँ | विदिशा |
| भीमबेटका की गुफाएँ | रायसेन |
| मृगेन्द्रनाथ की गुफाएँ | रायसेन |
| बाग की गुफाएँ | धार |

77.मध्य प्रदेश में 'कान्हा बाबा का मेला कहॉ लगता है

A. होशंगाबाद

B. सोडलपुर

C. बड़वानी

D. रीवा

Answer ||| B

Solution ||| मध्य प्रदेश में "कान्हा बाबा" का मेला सोड़लपुर (जिला - हरदा) में लगता है।

78.भारत के उनतीसवें राज्य की राजधानी है

A. हैदराबाद

B. विशाखापटट्नम्

C. पणजी

D. सिलवासा

Answer ||| A

Solution ||| भारत का उनतीसवां राज्य तेलंगाना है इसका का गठन 2 जून 2014 को हुआ है। इसकी राजधानी हैदराबाद है|

79.सुचित्रा सेन थी

A. लेखिका
B. अभिनेत्री
C. पत्रकार
D. राजनेत्री

Answer ||| B

Solution ||| सुचित्रा सेन एक अभिनेत्री थी|

80.मध्य प्रदेश के जलवायु किस प्रकार की है

A. मानसूनी प्रकार
B. भूमध्यरेखीय प्रकार
C. भूमध्यसागरीय प्रकार
D. उपर्युक्त में कोई नहीं

Answer ||| A

Solution ||| मध्य प्रदेश के जलवायु ऊष्णकटिबंधीय मानसूनी प्रकार की है।

81.चम्बलघाटी मध्य प्रदेश के किस भौतिक विभाग में स्थित है

A. बघेलखण्ड पठार
B. बुंदेलखण्ड पठार
C. मध्य भारत पठार
D. विन्ध्यन कगारी प्रदेश

Answer ||| C


https://www.evidyarthi.in

Solution ||| चम्बलघाटी मध्य प्रदेश के मध्य भारत का पठार नामक भौतिक क्षेत्र में स्थित है।

82.भेड़ाघाट पर कौन-सा जलप्रपात स्थित है

A. धुआंधारा
B. दुग्धधारा
C. कपिलधारा
D. चचाई

Answer ||| A

Solution ||| धुआंधार जलप्रपात भेड़ाघाट (जबलपुर) पर नर्मदा नदी पर स्थित है जबकि दुग्धधारा एवं कपिलधारा जलप्रपात नर्मदा नदी पर ही अनुपपुर जिले में स्थित है तथा चचाई जलप्रपात वीहड़ नदी पर रीवा जिले में स्थित है।

83.'तवा' किस नदी की सहायक नदी है

A. ताप्ती
B. नर्मदा
C. पार्वती
D. महानदी

Answer ||| B

Solution ||| तवा नदी, नर्मदा नदी की सहायक नदी है। तवा नदी बांद्राभान नामक स्थल पर नर्मदा नदी में मिलती है।

84.मध्य प्रदेश का एक मात्र हिल स्टेशन 'पचमढ़ी' कहां स्थित है

A. राजपीपला पहाड़ियां
B. महादेव पहाड़ियां

C. मैकल श्रेणी
D. गाविलगढ़ पहाड़ियां

Answer ||| B

Solution ||| मध्य प्रदेश का एक मात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी महादेव पहाड़ियों में स्थित है। इसे बायो स्फियर रिसर्व भी घोषित किया गया है।

85.कौन-सी श्रेणी यमुना और सोन के मध्य जलद्विभाजक का कार्य करती है

A. भाण्डरे
B. कैमूर
C. मैकल
D. मुकुन्दरा

Answer ||| B

Solution ||| कैमूर श्रेणी यमुना और सोन के मध्य जलद्विभाजक का कार्य करती है। कैमूर श्रेणी विध्यांचल पर्वत श्रृंखला का भाग है।

86.मध्य प्रदेश की सबसे ऊंची चोटी 'धूपगढ़' स्थित है

A. महादेव पहाड़ियों में
B. राजपीपला पहाड़ियों में
C. मैकल श्रेणी में
D. कैमूर पहाड़ियों में

Answer ||| A

Solution ||| मध्य प्रदेश की सबसे ऊंची चोटी धूपगढ़ (ऊंचाई 1350 मीटर) सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला के अंतर्गत महादेव पहाड़ियों में स्थित है।



https://www.evidyarthi.in

87.अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 की निम्नलिखित में से किस धारा में अग्रिम जमानत प्रतिबंधित है

A. धारा 16
B. धारा 17
C. धारा 18
D. धारा 19

Answer ||| C

Solution ||| अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 की धारा 18 में अग्रिम जमानत प्रतिबंधित है।

88.अनूसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के उद्देश्यों को क्रियान्वित करने के लिए नियम बनाने के शक्तियां किसे/किन्हे प्राप्त है

A. राज्य सरकार
B. केन्द्र सरकार
C. दोनों (a) और (b)
D. सर्वोच्च न्यायालय

Answer ||| B

Solution ||| अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के उद्देश्यों को क्रियान्वित करने के लिए नियम बनाने के शक्तियां अनुच्छेद 23 के अन्र्तगत केन्द्र सरकार को प्राप्त है।

89.अनूसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति अधिनियम, 1989 के निम्नलिखित में से किस धारा में भारतीय दंड संहिता के कतिपय उपबंधों का लागू होना उपबंधित है

A. धारा 12
B. धारा 10
C. धारा 06

D. धारा 08

Answer ||| C

Solution ||| अनूसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति अधिनियम, 1989 के धारा 06 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के कतिपय उपबंधों का लागू होना उपबंधित है।

90.अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नियम, 1995 की निम्नलिखित में से किस धारा के अंतर्गत, ”जिला स्तरीय सतर्कता और माँनिटरी समिति“ के गठन का उपबंध किया गया है।

A. धारा 18
B. धारा 19
C. धारा 17
D. धारा 16

Answer ||| C

Solution ||| अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नियम, 1995 की धारा 17 के अंतर्गत, “जिला स्तरीय सतर्कता और माँनिटरी समिति” के गठन का उपबंध किया गया है।

91.एचटीटीपी का पूरा नाम क्या है

A. हाइपरटेक्स्ट ट्रान्सफर प्रोग्राम
B. हाइपरटेक्स्ट ट्रान्सफर प्रोटोकॉल
C. हाइपरटूल ट्रान्सफर प्रोग्राम
D. हाइपरटूट ट्रान्सफर प्रोटोकॉल

Answer ||| B

Solution ||| एचटीटीपी का पूरा नाम हाइपरटेक्स्ट ट्रान्सफर प्रोटोकॉल है। यह विभिन्न कम्प्यूटर को इंटरनेट से आपस में जोड़ने के लिए प्रयुक्त नियमों का एक समूह है।



https://www.evidyarthi.in

92.वीडियो कांन्फ्रेंसिंग हेतु में निम्नलिखित में से कौन-सा डिवाइज अनिवार्य है

A. प्रिंटर
B. स्कैनर
C. वेबकैम
D. माउस

Answer ||| C

Solution ||| वीडियो कांन्फ्रेंसिंग हेतु वेबकैम (कैमरा) डिवाइज अनिवार्य है।

93.निम्न में से कौन-सा एक सर्च इंजन है

A. बाइडू
B. पैकेट्स
C. कूकीज
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

Answer ||| A

Solution ||| बाइडू चीन का एक सर्च इंजन है जबकि कूकीज एक कंप्यूटर सॉफ्टवेयर है जिसके द्वारा कोई वेबसाइड कुछ सुचनाएं उपयोगकर्ता के कम्प्यूटर पर स्टोर करता है।

94.स्पैम किस विषय से संबंधित शब्द है

A. कम्प्यूटर
B. कला
C. संगीत
D. खेल

Answer ||| A

Solution ||| स्पैम कम्प्यूटर से संबंधित है इंटरनेट पर ई-मेल का प्रयोग कर किसी अवांछित मैसेज को दूसरे कम्प्यूटर पर भेजना स्पैम कहलाता है।

95.कम्प्यूटर में फैलने वाला वायरस है

A. हार्डवेयर

B. कम्प्यूटर प्रोगाम

C. ऐन्ट

D. सिस्टम सॉफ्टवेयर

Answer ||| B

Solution ||| कम्प्यूटर में फैलने वाला वायरस एक कम्प्यूटर प्रोग्राम होता है जो कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर तथा सुचनाओं को कुप्रभावित करता है।

96.विप्रो कंपनी के प्रमुख कौन है

A. अजीम प्रेम जी

B. रतन टाटा

C. अनिल अंबानी

D. आदित्य बिड़ला

Answer ||| A

Solution |||

| व्यक्ति | संबंधित कंपनी समूह |
|---|---|
| अजीम प्रेम जी | विप्रो |
| रतन टाटा | टाटा समूह |
| अनिल अंबानी | रिलायंस समूह |
| आदित्य बिड़ला | आईडिया कंपनी |

97.गुगल ने किस वेब ब्राउजर को विकसित किया था



https://www.evidyarthi.in

A. इंटरनेट एक्सप्लोरर
B. फायरफोक्स
C. सफारी
D. क्रोम

Answer ||| D

Solution |||

| कम्पनी | विकसित वेब ब्राउजर |
|---|---|
| माइक्रोसॉफ्ट | इंटरनेट एक्सप्लोरल |
| एप्पल | सफारी |
| गुगल | क्रोम |
| मोजिला | फायरफोक्स |

98.एक्सेल स्प्रेडशीट की मूल ईकाई, जहां पर डाटा एन्ट्री की जाती है, कहलाती है

A. टैब
B. बॉक्स
C. सेल
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

Answer ||| C

Solution ||| एक्सेल स्प्रेडशीट की मूल ईकाई, जहां पर डाटा एन्ट्री की जाती है वह सेल कहलाती है, स्प्रेडशीट एक एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर है।

99.1024 किगोबाइट बराबर होता है

A. 1 मेगाबाइट
B. 1 गीगाबाइट
C. 10 किलोबाइट
D. 1024 बाइट

Answer ||| A

Solution ||| एक किलोबाइट = 1024 बाइट
एक मेगाबाइट = 1024 किलोबाइट
एक गीगाबाइट = 1024 मेगाबाइट

100.मध्य प्रदेश में औद्योगिक पिछड़ेपन का/के कारण है/हैं

A. वित्त का अभाव
B. शक्ति (ऊर्जा) का अभाव
C. कच्चे माल का अभाव
D. उपर्युक्त सभी

Answer ||| D

Solution ||| मध्य प्रदेश में औधोगिक पिछड़ेपन का कारण
1. वित्त का अभाव
2. शक्ति (ऊर्जा) का अभाव
3. कच्चे माल का अभाव
4. निजी पूंजी निवेश का अभाव आदि है।


https://www.evidyarthi.in